सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 295 | इंदौर, मंगलवार 12 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली, 5 देशों के दौरे पर जा रहे पीएम मोदी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही 5 देशों की यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 20 मई तक UAE, नीदरलैंड , स्वीडन , नॉर्वे और इटली का दौरा करेंगे। MEA ने बताया कि पीएम मोदी 15 मई को संयुक्त अरब अमीरात (UAE) की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जहां वे UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे।

### निवेश और संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

दोनों नेताओं को द्विपक्षीय मुद्दों विशेष रूप से ऊर्जा सहयोग के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा। वे मजबूत राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच के संबंधों पर आधारित द्विपक्षीय 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने का काम करेगी।

### यूएई में भारतीय समुदाय की बड़ी तादाद

पिछले 25 सालों में UAE भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और निवेश का सातवां सबसे बड़ा स्रोत रहा है। चूंकि UAE में 4.5 मिलियन से अधिक भारतीयों का एक विशाल समुदाय रहता है, इसलिए यह यात्रा उनके कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने का भी एक अवसर होगी।

### कटाक्ष




● पीएम मोदी की अपील पर

# सीएम मोहन यादव ने की बचत और स्वदेशी अपनाने की अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक के पहले मंत्रीगण से महत्वपूर्ण विषयों पर संबोधित किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान वैश्विक संकट के दृष्टिगत नागरिकों से राष्ट्र हित में बचत के विभिन्न उपायों को अपनाने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आग्रह किया है कि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें। वर्क फ्रॉम होम और वर्चुअल मीटिंग को बढ़ावा दें। ऑनलाइन और वर्चुअल वीडियो कांफ्रेंस जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री यादव ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई अपील और दिए गए सुझावों के पालन के लिए नागरिकों से अनुरोध किया है।

### राष्ट्रहित में सुझावों पर अमल करने का आग्रह

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आग्रह किया है कि वैश्विक संकट और सप्लाई चैन की चुनौतियों को देखते हुए उनके सुझावों को अपनाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से डीजल पंप के स्थान पर सोलर पंप के उपयोग करने और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाकर प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह भी किया है। इससे पेट्रोलियम पदार्थ और उर्वरक के आयात में कमी आएगी। वर्तमान वैश्विक संकट में माल ढुलाई के लिए भी अधिक से अधिक रेलवे की गुड्स ट्रेन सेवाओं का उपयोग करने का आग्रह किया गया है।



### 1 वर्ष विदेश जाने की योजना भी स्थगित

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि आमजन सार्वजनिक परिवहन सेवा का उपयोग कर या इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर ईंधन बचाने का के कार्य में सहयोग करें। प्रधानमंत्री के आग्रह के अनुसार इस संकट काल में कम से कम 1 वर्ष विदेश जाने की योजना भी स्थगित की जाना चाहिए। देश के अंदर देश के ही पर्यटक स्थलों के भ्रमण का आग्रह किया गया है। साथ ही नागरिकों से एक वर्ष तक सोना न खरीदने का भी पालन करने की अपेक्षा की गई है। यही नहीं खाने के तेल में कमी का आग्रह भी प्रत्येक परिवार के स्तर पर किया जाए, ऐसा आग्रह किया गया है।

### किसानों से 63 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में 1763 करोड़ रुपये की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 973 सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिली है। इससे करीब 1000 बसाहटों को लाभ होगा। पीएम जनमन योजना के तहत भी 384 किलोमीटर सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश गेहूं उपार्जन में देश में सबसे आगे है। अब तक 10 लाख से अधिक किसानों से 63 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। उन्होंने किसानों के योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने उन्नत अग्नि मिसाइल के सफल परीक्षण पर प्रधानमंत्री और वैज्ञानिकों को बधाई दी। साथ ही नागदा-मथुरा तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना को प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे उज्जैन और कूनो क्षेत्र की कनेक्टिविटी और पर्यटन को फायदा मिलेगा।

सिंहस्थ से पहले मिलेगी सौगात

# सात करोड़ में बन रहा रणजीत हनुमान का भव्य कॉरिडोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित अतिप्राचीन श्री रणजीत हनुमान मंदिर जल्द ही नए स्वरूप में श्रद्धालुओं के सामने होगा। यहां तैयार किए जा रहे रणजीत लोक का काम काफी तेजी से चल रहा है। सात करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा रणजीत लोक अगले डेढ़ साल में श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा।**

वर्ष 2025 में रणजीत लोक का काम शुरू किया गया था, जो अब धीरे-धीरे आकार लेने लगा है। योजना के अनुसार यहां बाउंड्रीवॉल, 25 फीट चौड़ा पाथवे और विशेष दर्शन कॉरिडोर तैयार किए जाएंगे। भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं को और भी बेहतर





किया जा रहा है। ये सभी कार्य सिंहस्थ से पहले पूरे किए जाने हैं, जिसके चलते निर्माण की गति बढ़ा दी गई है। मंदिर की पार्किंग की तरफ भी कई विकास कार्य किए जाने हैं, जिन्हें दूसरे चरण में शामिल किया गया है। मंदिर की बाउंड्रीवॉल पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के प्रसंग उकेरे जाएंगे, जो इस स्थान को और अधिक भव्य और सुंदर बनाएंगे। मंदिर की सुंदरता को निखारने के लिए यहां आधुनिक एलईडी लाइट भी लगाई जाएंगी। पुरानी छोटी पार्किंग वाले हिस्से में जिकजैक रैलिंग लगाकर दर्शन कॉरिडोर बनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से बचाने के लिए इस पर शेड भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही यहां 10 नए कमरे भी बनाए जा रहे हैं, जिनका उपयोग प्रसाद कक्ष, दवा केंद्र, अमानती सामान घर, बेबी फीडिंग रूम और जलसेवा के लिए किया जाएगा। साथ ही मंदिर के अन्नक्षेत्र का भी विस्तार किया जाएगा। श्री रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पं दीपेश व्यास ने जानकारी दी कि इसका निर्माण मंदिर प्रबंधन द्वारा ही करवाया जा रहा है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब सात करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। काम की बारीकियों और भव्यता को देखते हुए यह माना जा रहा है कि इसे पूरा होने में अभी डेढ़ साल का समय और लगेगा, ताकि सिंहस्थ से पहले सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हो सकें। परिसर में बाबा के लाइव दर्शन के लिए एलईडी टीवी भी लगाए जाएंगे। मंदिर में चल रहे इस वृहद निर्माण कार्य के लिए दानदाता भी आगे आ रहे हैं। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने एक अलग बैंक खाता खुलवाया है और परिसर में विशेष क्यूआर कोड स्कैनर भी लगाए गए हैं। जो भी श्रद्धालु इस पुनीत कार्य में आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं, वे सीधे दान कर सकते हैं। इसके अलावा यदि कोई भक्त निर्माण सामग्री जैसे सीमेंट, रेत या सरिया दान करना चाहता है, तो वे मंदिर कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं।

टीएल बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने दिए सख्त निर्देश

# शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और नागरिक सुरक्षा पर फोकस

## लापरवाह अधिकारियों पर वेतन कटौती की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को यहां समय-सीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, नगर निगम के अपर आयुक्त प्रखर सिंह, एन.एन. पांडे, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।**

बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के अनुरूप शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी लंबित प्रकरणों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तथा सकारात्मक निराकरण पर विशेष ध्यान देंवे। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को संपन्न हुई बैठक में रेंडम रूप से सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित पांच प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर कुछ अधिकारियों के वेतन काटने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, जनगणना कार्य, सीएम हेल्पलाइन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



### फायर सेफ्टी नियमों के पालन में लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जी प्लस थ्री व्यावसायिक भवनों में फायर सेफ्टी उपकरण, फायर एग्जिट प्लान एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा गठित दलों द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। जिन भवनों में आवश्यक सुरक्षा इंतजाम नहीं पाए गए, उन्हें सील किया गया है तथा वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ भवन संचालकों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थाएं पूर्ण करने का शपथ पत्र देने पर राहत दी गई है, लेकिन उनकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में ऐसे भवनों की पहचान कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### बाधारहित वातावरण निर्माण अभियान जारी

बैठक में बताया गया कि सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांग जनों को बाधा रहित वातावरण और उनके लिए जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत वर्तमान में सार्वजनिक स्थलों और भवनों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान कई स्थानों पर दिव्यांगजन सुविधाओं में कमी पाई गई। पाई गई कमियों को दूर कराया जा रहा है । अब तक लगभग 200 से अधिक भवनों की जांच की जा चुकी है। भवनों का सर्वे लगातार जारी है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि अधिकांश भवनों में रैम्प तो बने हैं, लेकिन रेलिंग, साइनेज एवं दिव्यांगजनों की सुगम आवाजाही से संबंधित व्यवस्थाओं का अभाव पाया गया है। प्रशासन का उद्देश्य सभी शासकीय भवनों को बाधारहित बनाना है ताकि दिव्यांगजन बिना किसी असुविधा के अपने कार्य कर सकें।

### ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों की भी हुई समीक्षा

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बैठक में इंदौर जिले में यातायात सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से ब्लैक स्पॉट सुधार कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा वहां आवश्यक सुधार कार्य सतत रूप से जारी रखें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर प्रभावी व्यवस्थाएं रहें और किसी भी प्रकार की घटना अथवा दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

### जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान

बैठक में बताया गया कि जिले में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य तेजी से जारी है। बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। जनगणना कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। देपालपुर नगर परिषद की सीएमओ सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रगणकों को समय-सीमा से पूर्व गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कई कर्मचारियों ने विषम परिस्थितियों में भी समर्पण और मेहनत से कार्य कर दूसरों के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है।

### शराब दुकानों एवं ढाबों पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि शराब दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं तथा गंदगी, अवैध गतिविधियों एवं अवैध शराब बिक्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई और जुर्माना लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुकानों पर साफ-सफाई, शौचालय व्यवस्था तथा गंदे पानी की निकासी जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### खाद्य सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी

गर्मी के मौसम को देखते हुए कुल्फी, आइसक्रीम, बर्फ एवं अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले संस्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मिलावटखोरी एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी सख्ती जारी रहेगी।

## एमडी ड्रग्स के साथ दो गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 2 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।**

डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक गुटकेश्वर महादेव मंदिर वीआईपी रोड के पास एक व्यक्ति के ड्रग्स के साथ होने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर एक कार सवार युवक को पकड़ा। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अकरम खान निवासी देपालपुर बताया। कार की तलाशी लेने पर हैंडब्रेक के पास प्लास्टिक में रखी 20.78 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। अकरम की निशानदेही पर पुलिस ने जावेद उर्फ जग्गू निवासी हातोद को भी गिरफ्तार किया। शुरुआती पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी ड्रग्स सस्ते दाम में खरीदकर नशा करने वालों को ऊंचे दाम पर बेचते थे।

## जींस पहनने पर सास ने डांटा, बहू ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार दोपहर सास ने जींस पहनने पर डांटा तो बहू ने सुसाइड कर लिया। कमरे के अंदर फंदे से लटकी लाश मिली है। मायके पक्ष ने पति और सास पर प्रताड़ना, दहेज के ताने और मानसिक दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं।**

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान गौरी (22) पत्नी राहुल के रूप में हुई है। सोमवार दोपहर घर में मौजूद उनकी छोटी बेटी रो रही थी। इस दौरान पति राहुल ने पत्नी गौरी को आवाज लगाई, लेकिन कमरे से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद राहुल कमरे में पहुंचा तो गौरी फंदे पर लटकी मिली। परिवार के लोगों के अनुसार, गौरी ने पहली बार ससुराल में जींस पहनी थी। इसी बात को लेकर उसकी सास शारदा नाराज हो गईं। गौरी की बहन पूजा ने बताया कि उनकी चचेरी बहन किरण भी उस समय घर पर मौजूद थी, जो पिछले एक महीने से गौरी के साथ रह रही थी। पूजा के मुताबिक, जैसे ही गौरी जींस पहनकर बाहर आई, सास



शारदा अंदर पहुंचीं और उसे डांटने लगीं। इस दौरान सास ने राहुल को भी बुरा-भला कहा। बताया जा रहा है कि इस विवाद के बाद गौरी काफी आहत हो गई। अपने कमरे में चली गई। इस वक्त पति राहुल मोबाइल चला रहा था, जबकि गौरी की छोटी बच्ची हॉल में खेल रही थी। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही गौरी को प्रताड़ित किया जा रहा था। परिवार का कहना है कि पति राहुल और सास शारदा उसे दहेज को लेकर ताने मारते थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल लंबे समय से कोई काम नहीं कर रहा था, जिससे घर में अक्सर विवाद होते थे। जानकारी के मुताबिक, गौरी के सास-ससुर गोपुर इलाके में मंदिर के पास प्रसाद और हार-फूल की दुकान लगाते हैं। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी तय करते समय राहुल के परिवार ने कहा था कि वह मेडिकल लाइन में काम करता है, लेकिन शादी के बाद पता चला कि राहुल कोई नौकरी नहीं करता। इसी बात को लेकर भी परिवार में तनाव बना रहता था। गौरी की शादी करीब डेढ़ साल पहले हुई थी। उसके परिवार में दो बड़ी बहनें और एक छोटा भाई है। माता-पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटी की मौत के बाद परिवार सदमे में है।

## 25 मई को कलेक्ट्रेट में वृद्धजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित होगा

इंदौर। वृद्धजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 25 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर जनसुनवाई के दौरान वृद्धजनों से लगातार प्राप्त हो रही समस्याओं के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सोमवार को इस शिविर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए की शिविर का प्रभावी और परिणाम मूलक आयोजन हो और अधिक से अधिक वृद्धजनों को इस शिविर का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इस शिविर में सभी एसडीएम अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। बताया गया कि जनसुनवाई में बड़ी संख्या में वृद्धजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं, जिनमें पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण संबंधी प्रकरण और सामाजिक उपेक्षा जैसे विषय प्रमुख रूप से सामने आते हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026






**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**ठीकरी, एजेंसी। जिला बड़वानी में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, बुरहानपुर के लोकप्रिय सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल तथा खरगोन बड़वानी संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद गजेंद्र पटेल सहित समस्त निमाड़ क्षेत्र के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने संगठन की रीति-नीति, राष्ट्रवाद, सेवा, समर्पण एवं कार्यकर्ता आधारित संगठन की कार्यशैली पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं सेवा की भावना पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा सोशल मीडिया एवं जनसंपर्क के माध्यम से प्रभावी संवाद स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, समर्पण और सतत सक्रियता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है।

लोकसभा सांसद गजेंद्र पटेल ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनसेवा अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं बल्कि समाज परिवर्तन का वाहक है। उन्होंने गांव-गांव तक संगठन को सशक्त बनाने एवं समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण सत्र को अत्यंत प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक बताते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण वर्ग का वातावरण उत्साह, ऊर्जा एवं संगठनात्मक भावना से परिपूर्ण रहा।

**एमआरपी प्रबंध संपादक**
**डीजीआर ग्रुप**






**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में आज सहभागिता कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया! भारत राष्ट्र को महान राष्ट्र बनाने के संकल्प का नाम ,भारतीय जनता पार्टी है! कार्यकताओं की संगठन क्षमता विकसित करने के लिए इस प्रकार के वर्ग वरदान साबित होते हैं!

इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री अजय यादव जी, लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल जी, खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल जी, विधायक पान सेमल श्री श्याम बारडे जी,पूर्व जिला अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी सोनी, पूर्व सांसद श्री सुभाष पटेल जी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री परसराम चौहान, श्री अंतरसिंह पटेल जी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अंजना पटेल जी, श्री विकास आर्य जी, प्रीतम राज बड़ोले जी सहित सेकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही!





### संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अंगदान की बताई प्रक्रिया और जीवनदान देने वाले सुनाए नायाब किस्से

# अंगदान और देहदान में सामाजिक सहभागिता व जागरूकता के लिए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स करेंगे कार्य

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)**

**इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में सोमवार को अंगदान और देहदान के प्रति सामाजिक सहभागिता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स की बैठक आयोजित की गई। संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित इस बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंदौर जिले में अंगदान और देहदान के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त दी। साथ ही उन्होंने इंदौर में इस क्षेत्र में अब तक हुए कार्यों और पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने इन्फ्लुएंशर्स से इस क्षेत्र में कैसे जागरूकता लायी जाए तथा समाज की शंकाओं को दूर करने में भूमिका निभाने को कहा। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंदौर में हुए अंगदान के संबंध में कई रौचक और नायब कहानियाँ भी बताई। कैसे किसी परिवार के सदस्यों से अंगदान कराया जाता है और उस परिवार में खुशी छा जाती है?**



बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि अंगदान और देहदान एक पवित्र और पुण्य का कार्य है। इस कार्य से लोगों को नया जीवन मिलता है और समाज में बड़ा बदलाव आता है। चैन्नई, बैंगलुरू आदि दक्षिण भारत के शहरों में आज सबसे अधिक देहदान और अंगदान हो रहे हैं, जो गर्व की बात है। मध्यप्रदेश में इंदौर जिले में सबसे अधिक अंगदान और देहदान हो रहे हैं। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि मध्यप्रदेश में यहाँ एयर एम्बुलेंस की सुविधा भी है, जिससे अंगदान में भी उपयोगी है। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने बताया कि अंगदान करने वाले परिजनों को गॉड ऑफ ऑनर की शुरूआत करने के बाद अंगदान के मामले 25 प्रतिशत से अधिक बढ़े है। अधिकांश लोग अंधविश्वास और डर के चलते अंगदान और देहदान करने में हिचकिचाते हैं, ऐसे लोगों की मानसिकता सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स के माध्यम से बदली जा सकती है।

बैठक में मुस्कान ग्रुप के संदीपन आर्य ने बताया कि अंगदान के लिए इंदौर में ग्रीन कॉरिडोर सबसे पहले वर्ष 2015 में बना था। अभी तक 67 बार ग्रीन कॉरिडोर बन चुके है। त्वचा दान के मामले में इंदौर देश में दूसरे स्थान पर है। वर्ष 2024 में 2237 नेत्रदान हुए, जो 2025 में बढ़कर यह संख्या 2748 हो गई। इंदौर में तीन आई बैंक है। वर्ष 2024 में इंदौर में अंगदान की 135 अनुमति जारी की, जो 2025 में बढ़कर 202 हो गई। मृत्यु के पूर्व व्यक्ति लीवर, किडनी, बोनमेरो और रक्त दान कर सकता है।

हृदय गति रूक जाने पर मरीज की आँख, त्वचा, हड्डी और हार्टवॉल्व का दान किया जा सकता है। ब्रेन डेड घोषित होने पर मृत व्यक्ति के हृदय, फेफड़े और लीवर, किड़नी, पैनक्रियाज, छोटी आँत, हाथ, बौन और हार्टवॉल्व आदि अंगों का दान किया जा सकता है। बताया गया कि इंदौर में दो बार हाथ दान किए गए, जिसमें से एक हाथ इंदौर के युवा इंजीनियर को लगाया गया। जबकि दूसरा हाथ गुजरात के नवसारी जिले में एक 19 वर्षीय लड़की को लगाया गया। बैठक में अंगदान समिति के डॉ. मनीष पुरोहित, सुश्री निधि शर्मा, प्रभारी संयुक्त संचालक डॉ. पुष्पेन्द्र वास्कले सहित शहर के करीब 15 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंशर्स उपस्थित रहें।

### पुलिस कर्मियों की सुख-सुविधाओं और कल्याण का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

# प्रदेश पुलिस ने अटूट साहस और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर बनाई विशेष पहचान : डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने अटूट साहस और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। पुलिस के भरोसे पर ही सरकार सुशासन के मार्ग पर चलती है। राज्य की शांति और सुरक्षा व्यवस्था देशभक्ति और जनसेवा में समर्पित पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित कर मैं स्वयं गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। यह पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की दक्षता, योग्यता और क्षमता का ही परिणाम है कि उन्हें के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पुलिस ने जिस प्रकार से धाक और साख बनाई है वह निश्चित ही प्रशंसनीय है। पुलिस विभाग में जो भी नवाचार किया जाना है, राज्य सरकार का पूर्ण सहयोग उसके साथ है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए असधारण कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के लिए रविन्द्र भवन में आयोजित के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित थे।

### पुलिस कर्मियों को उनके जिले में आवास उपलब्ध कराए जाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दो वर्ष के पुरस्कार एक साथ दिये जा रहे है। कर्तव्यनिष्ठा और असाधारण कार्य के लिए प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाने वाले यह पुरस्कार आगामी वर्षों में प्रति वर्ष प्रदान किये जायें। यह सुनिश्चित किया जाये कि पुरस्कार वितरण में भविष्य में विलंब न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले पुरस्कारों की राशि बढ़ाने को मंजूरी दी गई है। पहले पुलिस महानिदेशक (डीजी) स्तर पर 25 हजार रूपये तक के पुरस्कार दिए जाते थे, जिसे अब बढ़ाकर 50 हजार रूपये कर दिया गया है, जिससे उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का और अधिक उत्साहवर्धन हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिसकर्मियों को उनके जिले में पात्रता अनुसार आवास उपलब्ध कराने के लिए हाउसिंग बोर्ड एवं संबंधित प्राधिकरणों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहते हैं, इसलिए उनके व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं एवं कल्याण का ध्यान रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस कर्मी जिस प्रतिबद्धता से कार्य करते है वह सराहनीय है, उनके समर्पण के लिये मेरे मन में विशेष स्नेह और सम्मान का भाव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस सेवा में भर्ती प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक युवा पुलिस बल से जुड़कर जन-कल्याण, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपनी भूमिका निभा सकें। वर्ष 2026 की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होते ही अगले वर्ष की भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर दी जायेगी। इस क्रम में जिला बल में पुलिस बैंड के लिये भी भर्ती प्रक्रिया आरंभ की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रुस्तमजी पुरस्कार के अंतर्गत परम विशिष्ट श्रेणी में सम्मानित अधिकारियों को सम्मान स्वरूप 5-5 लाख रुपये अथवा रिवॉल्वर/गन तथा अतिविशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत2-2 लाख रुपये अथवा रिवॉल्वर/गन प्रदान की जा रही है। विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत 50 हजार रुपये और प्रमाण-पत्र प्रदान किये जा रहे है।



पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना ने कहा कि के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2013 में की गई थी। अब तक 418 पुलिस अधिकारियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। दस्यु उन्मूलन, कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण सहित अन्य कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया जाता है। आज वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए यह पुरस्कार 101 पुलिसकर्मियों को दिया जा रहा है।

### अगली कैबिनेट में आएगी तबादला नीति

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में कर्मचारियों के तबादले पर बैन हटाने का फैसला अगले सोमवार को होगा। मुख्यमंत्री ने तबादले पर बैन हटाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अगली कैबिनेट में प्रस्ताव लाने को कहा है। इस बीच जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कहा है कि जो तबादला नीति आए उसमें स्वैच्छिक आधार पर किए जाने वाले तबादलों की लिमिट न रखी जाए ताकि जो लोग तबादला कराना चाहते हैं वे करा सकें। कई अन्य मंत्रियों ने मंत्री शाह की बात का समर्थन किया है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस पर विचार करेंगे। साथ ही अगली बैठक में तबादला नीति लाने के लिए कहा गया।

### एसपी ऑफिस में गला काटने चाकू निकाला

**ग्वालियर, एजेंसी।** जिले में रेप पीड़िता ने SP ऑफिस में खुद का गला काटने के लिए चाकू निकाल लिया। मैं सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती ने जमकर हंगामा करते हुए चाकू निकाल लिया और खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए युवती को पकड़ लिया और स्थिति को संभाला। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने युवती को समझाइश देकर शांत कराया और मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। युवती का आरोप है कि उसका प्रेम संबंध कुलभूषण राहुल नाम के युवक से था। युवक ने उससे शादी का वादा किया था और इसी भरोसे पर दोनों के बीच लंबे समय तक संबंध रहे। आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। जब शादी का दबाव बनाया तो युवक ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी और अब वह दूसरी शादी करने जा रहा है।

### दुकानों में आग लगने से व्यापारी नाराज

**मन्दसौर, एजेंसी।** जिले के सीतामऊ नगर में रविवार देर रात बस स्टैंड क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड के बाद सोमवार को व्यापारियों और आमजन का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। नगर में सीतामऊ बंद के साथ व्यापारियों ने नगर परिषद का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़कर परिषद परिसर में प्रवेश किया और नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में व्यापारी लदुना चौराहे पहुंचे, जहां चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया गया। तीन घंटे से अधिक समय से चल रहे विरोध प्रदर्शन के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है और सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हैं।

### 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को कल मिलेगी 36वीं किश्त...

**भोपाल, एजेंसी** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 मई को मध्यप्रदेश की करोड़ों महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के लिये नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी। लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान का आधार बन चुकी है। नियमित आर्थिक सहायता से महिलाओं की परिवार के निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है, पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार हुआ है और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक भूमिका मजबूत हुई है।

# जांच टीम पहुंचने से पहले कई डॉक्टर ताला लगाकर भागे

### उज्जैन के 38 अस्पताल क्लिनिक में बिना रजिस्ट्रेशन के इलाज कर रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में 11 वर्षीय छात्रा की ऑपरेशन के दौरान मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। कलेक्टर के निर्देश पर गठित पांच अलग-अलग टीमों ने शहरभर के अस्पतालों और क्लिनिकों की जांच की। कार्रवाई के दौरान 38 अस्पताल और क्लिनिक बिना रजिस्ट्रेशन संचालित होते मिले। सभी को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।**




मामला उज्जैन की मंछामन कॉलोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक का है। यहां महिदपुर तहसील के ग्राम तीलियां खेड़ी निवासी मेहरबान सिंह की 11 वर्षीय बेटी दिव्या सूर्यवंशी का इलाज चल रहा था। दिव्या कक्षा सातवीं की छात्रा थी। रविवार को अपेंडिक्स के ऑपरेशन के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए रौशन सिंह ने शहर के सभी अस्पतालों और क्लिनिकों की जांच के निर्देश दिए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की पांच टीमों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर अस्पतालों और क्लिनिकों की जांच शुरू की। जांच के दौरान रजिस्ट्रेशन, दस्तावेज और डॉक्टरों की डिग्री की जांच की गई। डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि दो दिन की कार्रवाई में रविवार को 10 और सोमवार को 28 अस्पताल एवं क्लिनिक नियम विरुद्ध संचालित पाए गए। सभी को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और वैध पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में पंजीयन नहीं कराने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। सीएमएचओ ने बताया कि कई डॉक्टर जांच टीम के पहुंचने से पहले ही अपने क्लिनिक बंद कर मौके से चले गए। ऐसे संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें मंगलवार को भी दोबारा जांच अभियान चलाएंगी।

# पैर पड़ने एएसपी के पीछे घूमे विधायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट को जिलाबदर किए जाने के विरोध में सोमवार को कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। एक किसान जयराम जाट घायल हो गया, जबकि तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

प्रदर्शन से पहले कांग्रेस विधायक महेश परमार और पुलिस के बीच बहस का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में परमार एडिशनल एसपी आलोक शर्मा के पैर पड़ने के लिए उनके पीछे घूमते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान वे सड़क पर दंडवत प्रणाम भी करने लगते हैं, जबकि एडिशनल एसपी वहां से हटते नजर आ रहे हैं।



इधर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट जिला बदर की कार्रवाई के खिलाफ इंदौर हाईकोर्ट का रुख किया है। उन्होंने कार्रवाई के खिलाफ याचिका लगाई है। अब मामले में 13 मई को सुनवाई होनी है। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने कहा कि किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अशोक जाट किसानों की आवाज पर पहुंच जाते हैं। ऐसे नेता को जिलाबदर कर दिया गया, जबकि उज्जैन में गुंडे खुलेआम घूम रहे हैं।

## संपादकीय

# अग्नि-5 का सफल प्रहार: अब अभेद्य हुआ भारत का सुरक्षा कवच

भारत ने शुक्रवार (8 मई, 2026) को ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण करके अपनी नई रणनीतिक हमले की क्षमता का प्रदर्शन किया। यह परीक्षण इसलिए और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बैलिस्टिक मिसाइल 'मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेड री-एंट्री व्हीकल'(MIRV) सिस्टम से लैस है। रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी 9 मई को दी। 5,000 किलोमीटर की रेंज वाली अग्नि-5 स्वदेशी मिलाइल की जद में न सिर्फ पाकिस्तान और चीन आ चुका है, बल्कि बाकी एशिया और यूरोप के कुछ क्षेत्र भी आ चुके हैं। इससे पहले भारत अग्नि श्रृंखला की 1 से 4 तक की मिसाइलों का परीक्षण पूरा कर चुका है, जिनकी मारक क्षमता 700 किलोमीटर से लेकर 3,500 किलोमीटर के बीच है। मार्च, 2024 में भारत ने जब स्वदेश में विकसित एमआईआरवी टेक्नोलॉजी वाली अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का पहला टेस्ट फायर किया, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीआरडीओ को शुभकामनाएं देते हुए इसे ' मिशन दिव्यास्त्र ' के लिए सफलता बताया था। क्योंकि, इस परीक्षण के साथ ही भारत उन खास देशों के ग्रुप में शामिल हो गया, जो अलग-अलग टारगेट को एक साथ हिट करने के लिए मल्टीपल वॉरहेड वाली मिसाइलें ले जाने में सक्षम हैं। 11 मार्च, 2024, 20 अगस्त, 2025 और 8 मई, 2026 को सफल परीक्षणों के साथ ही भारत, अमेरिका, चीन, रूस, यूके और फ्रांस के साथ उस खास ग्रुप में शामिल हो गया है, जिनके पास एडवांस्ड एमआईआरवी क्षमता है। 'मिशन दिव्यास्त्र' का संबंध किसी नए मिसाइल प्लेटफॉर्म से नहीं है, बल्कि भारत के मौजूदा अग्रि-5 मिसाइल सिस्टम को ही अपग्रेड करने से है। अग्नि-5 एक कैनिस्टर-बेस्ड मिसाइल सिस्टम है, जिसे वॉरहेड के साथ हमेशा लॉन्च की स्थिति में तैयार रखा जाता है। इसकी डिजाइन ऐसी की गई है, जिससे सशस्त्र सेनाओं के लिए इसका इस्तेमाल बहुत आसान हो जाएगा। इसे रेल या रोड किसी भी माध्यम से कहीं भी ले जाया जा सकता है और लगभग किसी भी जगह से यह दागी जा सकती है। अग्नि-5 मिसाइल की रेंज 5,000 किलोमीटर से ज्यादा होने से पूरा पाकिस्तान आसानी से भारत की स्ट्राइक रेंज में आ चुका है। पाकिस्तान का कोई भी शहरी और मिलिट्री सेंटर, चाहे यह उसके किसी भी इलाके में है, आसानी से अब भारतीय मिसाइल की जद में है। भारत के पास मिसाइलों की ऐसी अनेक श्रृंखलाएं हैं, जो पहले से पाकिस्तान को अपने नियंत्रण क्षेत्र में ले चुकी हैं। अग्नि-5 मिसाइलों का सफल परीक्षण असल में चीन को रणनीतिक संदेश देने से जुड़ा है। चीन के पास 12,000 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज वाली भी मिसाइलें हैं।

## Health is Wealth

**जंक फूड की लत आजकल हर किसी को लग चुकी है। टेस्टी और जल्दी में बना फूड बच्चों से बड़ों तक की पहली पसंद बन चुका है। पिज्जा-बर्गर आपका पेट भर सकते हैं लेकिन हेल्दी नहीं होते। आज हम बताएंगे 1 महीने तक फास्ट फूड छोड़ने पर शरीर में क्या बदलाव होंगे।**

# 1 महीने तक जंक फूड न खाने से शरीर में दिखेंगे ये चौंकाने वाले बदलाव



आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ में जंक फूड लोगों की पहली पसंद बन चुका है। पिज्जा, बर्गर, मोमो, चाऊमीन और फ्रेंच फ्राईज जैसे फूड आइटम्स स्वाद में भले ही लाजवाब लगते हों, लेकिन सेहत के लिए ये किसी खतरे से कम नहीं हैं। इनमें जरूरत से ज्यादा तेल, नमक, मैदा और प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो शरीर को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार इन फूड्स को बनाने में पुराने और बार-बार गर्म किए गए तेल का इस्तेमाल होता है। ऐसा तेल शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने, मोटापा, पाचन संबंधी दिक्कतें और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसके अलावा ज्यादा जंक फूड खाने से शरीर में सुस्ती, स्किन प्रॉब्लम्स और एनर्जी की कमी जैसी परेशानियां भी होने लगती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स जंक फूड कम खाने और हेल्दी डाइट अपनाने की सलाह देते हैं। अगर आप कुछ समय के लिए भी पिज्जा-बर्गर जैसी चीजों से दूरी बना लें, तो शरीर में कई पॉजिटिव बदलाव देखने को मिल सकते हैं। चलिए बताते हैं ये बदलाव क्या होंगे।

## 1 महीने बाद शरीर में क्या बदलाव होंगे-

### ● ओवरईटिंग से बचेंगे

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (NIH) की रिपोर्ट के मुताबिक, जब हम जंक फूड खाते हैं तो क्रेविंग और बढ़ जाती है। इससे कई बार लोग ओवरईटिंग कर जाते हैं और ज्यादा चीजें खा लेते हैं। इससे भूख लगने की क्षमता स्थिर नहीं रहती और हम जरूरत से ज्यादा चीजें खा लेते हैं। ओवरईटिंग करने से वजन तेजी से बढ़ता है और शरीर फूल भी जाता है। कई लोगों का शरीर ऐसा होता है जो प्रोसेस्ड फूड खाने से फूलता है क्योंकि इसमें चीनी और मैदा ज्यादा होते हैं।

### ● वजन कंट्रोल में रहेगा

जंक फूड 1 महीने तक छोड़ने से शरीर में एक्स्ट्रा कैलोरी और फैट की मात्रा कम होती है, जिससे वजन कंट्रोल में आने लगता है। अगर आपका वजन बार-बार तेजी से बढ़ता है तो जंक फूड आज से ही खाना बंद करें। इसमें इस्तेमाल होने वाला तेल पेट की चर्बी भी बढ़ाता है।

### ● पाचन बेहतर होगा

पेट दर्द, ऐंठन, मरोड़, कब्ज, गैस जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं, तो इसके पीछे आपका जंक फूड हो सकता है। जंक फूड में मौजूद मैदा-चीनी जल्दी हजम नहीं होते हैं और यही कारण है कि पेट से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। अगर आप 1 महीने तक जंक फूड नहीं खाते हैं, तो पाचन से जुड़ी दिक्कतें नहीं होंगी।

### ● शरीर रहेगा एक्टिव

जंक फूड आपका पेट भर सकता है लेकिन ये आपको कोई भी न्यूट्रिशन नहीं देता। इसकी जगह अगर आप हरी सब्जियां, फल, नट्स खाते हैं, तो शरीर में फूर्ति बनी रहेगी। जंक फूड अक्सर शरीर में सुस्ती और थकान बढ़ाता है, क्योंकि इसमें पोषण कम और अनहेल्दी फैट ज्यादा होता है। वहीं हेल्दी डाइट अपनाने से शरीर दिनभर ज्यादा एक्टिव और फ्रेश महसूस करता है। इससे काम करने की क्षमता बेहतर होती है।

### ● दिल-दिमाग रहेगा एक्टिव

जंक फूड में अक्सर बार-बार गर्म किया हुआ तेल और ट्रांस फैट इस्तेमाल होता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) बढ़ा सकता है। अगर आप ऐसे अनहेल्दी फूड से दूरी बनाते हैं, तो कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रखने में मदद मिल सकती है। इससे दिल पर अतिरिक्त दबाव कम पड़ता है और हार्ट हेल्थ बेहतर बनी रहती है। हाई कोलेस्ट्रॉल होने पर धमनियों में फैट जमा होने लगता है, जिससे दिल को ब्लड पंप करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। वहीं दिमाग भी एक बुरी लत से शरीर को छुड़ाने का सिग्नल बार-बार देता रहता है, ऐसे आपको जंक फूड की क्रेविंग खत्म होने लगेगी।

### ● स्किन पर दिखेगा असर

चेहरा काला, धब्बे, पिंपल्स वाला बन चुका है, तो 1 महीना जंक फूड छोड़कर देखिए। आपके चेहरे पर गजब का निखार आएगा। ज्यादा ऑयली फूड खाने से डलनेस आती है और कोलेजन कम होने लगता है। यही कारण है कि स्किन काली और रूखी दिखती है।

Kerala

# केरल में CM पर सस्पेंस बरकरार: दिल्ली पहुंचे कांग्रेस नेता सुधाकरन; बोम्मई बोले- दूसरों के सहारे चल रही पार्टी

**कन्नूर/हावेरी, (एजेंसी)** केरल में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी सस्पेंस के बीच के. सुधाकरन दिल्ली रवाना हो गए हैं। कांग्रेस आलाकमान के साथ होने वाली अहम बैठक में राज्य के नए मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा होने की संभावना है। दिल्ली रवाना होने से पहले सुधाकरन ने कहा कि वह 'खुश और मुस्कुराते हुए' वापस लौटेंगे, लेकिन मुख्यमंत्री चयन पर खुलकर कुछ नहीं बोले। दिल्ली पहुंचे अन्य वरिष्ठ नेताओं में वी. एम. सुधीरन और एम. एम. हसन भी शामिल हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि वे आलाकमान को केरल की राजनीतिक स्थिति की जानकारी देंगे। इस बीच कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने




कहा कि अगले 48 घंटे में मुख्यमंत्री के नाम का एलान हो सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है और विधायक, सहयोगी दलों व वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के बाद फैसला लिया जाएगा। उनका कहना था कि नई पीढ़ी के नेताओं के सामने आने से स्वाभाविक रूप से मतभेद और चर्चा होती है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने 140 में से 102 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री के नाम पर सहमति नहीं बनने से राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारें शासन से ज्यादा अंदरूनी खींचतान में उलझी रहती हैं।

Uttarpradesh

## शादी के 14वें दिन दुल्हन की मौत... पति बोला- मजाक कर रही थी, तभी छत से गिर गई



**झांसी, (एजेंसी)** यूपी के झांसी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां शादी के महज 14वें दिन ही दुल्हन अचानक ससुराल की दूसरी मंजिल से नीचे गिर गई. घर के लोग उसे उठाकर अस्पताल ले गए, लेकिन सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई. वह नीचे कैसे गिरी यह तो जांच में पता चलेगा, लेकिन पति का कहना है कि वह छत की मुंडेर (बाउंड्री) पर पैर लटका कर मजाक कर रही थी, तभी नीचे गिर गई. मौके पर पहुंची पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच में जुट गई है.

मृतका की पहचान 30 वर्षीय प्रियंका मिश्रा के रूप में हुई है. उसका मायका गोरखपुर जिले में है. उसके पिता कस्टम विभाग से रिटायर्ड बताए जा रहे हैं. वह काफी होशियार थी और बीएड भी कर चुकी थी. अभी 28 अप्रैल को उसकी झांसी के सीपरी बाजार थानांतर्गत मिशन कंपाउंड में रहने वाले शुभम से शादी हुई थी.

पति शुभम ने बताया कि उनकी करीब डेढ़ साल पहले जीवन साथी डॉट कॉम से मुलाकात हुई थी. मुलाकात के बाद उनके बीच बातचीत होने लगी और उन्होंने शादी करने का निर्णय ले लिया. जिसमें दोनों परिवारों के सहमति हो गई और उन्होंने 28 अप्रैल को शादी कर ली. इसके बाद 2 मई को रिसेप्शन भी हुआ. सोमवार को शादी के उपलक्ष्य में घर पर सुहागिनों का खाना था. कार्यक्रम चल रहा था, तभी लगभग 4.30 बजे प्रियंका अपने कमरे में आई.

New Delhi

## दिल्ली में निर्माण स्थलों पर अब अनिवार्य होगी हाई-डेनसिटी जाली, 'डस्ट पोर्टल 2.0' से होगी मॉनिटरिंग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है. सरकार ने निर्माण और तोड़फोड़ वाली जगहों पर धूल नियंत्रण के नियमों को और सख्त कर दिया है. अब शहर के सभी कंस्ट्रक्शन साइट्स पर हाई-डेनसिटी वाली धूल रोकने वाली जालियां लगाना अनिवार्य होगा.

सभी प्रोजेक्ट मालिकों को नए नियम का तुरंत प्रभाव से पालन करना होगा. DPCC ने MCD, DDA, दिल्ली मेट्रो और PWD जैसी सभी बड़ी एजेंसियों को भी धूल नियंत्रण को लेकर निर्देश भेज दिए हैं. दिल्ली में धूल प्रदूषण बढ़ाने में निर्माण कार्यों की बड़ी भूमिका होती है. इसी को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) के दिशा-निर्देशों के आधार पर यह फैसला लिया गया है.

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (DPCC) ने निर्देश जारी किए हैं कि निर्माण स्थलों पर इस्तेमाल होने वाली हरी जाली की मोटाई कम से कम 100 GSM (ग्राम प्रति वर्ग मीटर) होनी चाहिए. इससे पहले जालियों के इस्तेमाल का नियम तो था, लेकिन उनकी मोटाई या गुणवत्ता को लेकर कोई पैमाना तय नहीं था.

Bihar

## लड़की के घर से आई गोली की आवाज, जाकर देखा तो खून से सनी मिली प्रेमी की लाश

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में एक युवक का शव उसकी कथित प्रेमिका के घर से मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. युवक को गोली लगी थी और जब तक उसे अस्पताल पहुंचाया जाता, उसकी मौत हो चुकी थी. घटना को लेकर पुलिस और मृतक के परिजनों के अलग-अलग दावे सामने आने से मामला और उलझ गया है. जानकारी के अनुसार, कदमकुआं थाना क्षेत्र के खटाल गली इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक घर से गोली चलने की आवाज सुनाई दी. आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक युवक कुर्सी पर खून से लथपथ पड़ा हुआ है. घर में मौजूद महिलाओं ने तुरंत पुलिस को सूचना दी.

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर



हालत में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान राहुल के रूप में हुई है. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जिस घर से शव मिला, वह उसकी प्रेमिका का घर था. पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है. पुलिस के अनुसार, प्रेमिका के घर में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद युवक ने खुद को गोली मार ली.

खेल

# दिल्ली का दूसरा सबसे बड़ा सफल रनचेज, प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार, पंजाब के नाम अनचाहा रिकॉर्ड

**धर्मशाला, (एजेंसी)** मिचेल स्टार्क और माधव तिवारी की घातक गेंदबाजी के बाद अक्षर पटेल और डेविड मिलर की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया। सोमवार को धर्मशाला में खेले गए आईपीएल मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने प्रियांश आर्या (56) और श्रेयस अय्यर (59*) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 19 ओवर में सात विकेट पर 216 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। पंजाब के लिए अर्शदीप और यश ठाकुर ने दो-दो विकेट लिए जबकि बेन ड्वार्शुइस और मार्कस स्टोइनिस के नाम एक-एक विकेट रहा।

दिल्ली का यह आईपीएल में किसी टीम के खिलाफ दूसरे सबसे बड़ा सफल रनचेज है। इससे पहले टीम ने जयपुर में राजस्थान




के खिलाफ 226 रनों के लक्ष्य को हासिल किया था। वहीं, पंजाब के नाम अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। पंजाब किंग्स आईपीएल की पहली ऐसी टीम बन गई है जिसके नाम 200 से ज्यादा स्कोर का बचाव करते हुए सबसे ज्यादा शिकस्त दर्ज हैं। टीम ने नौ मुकाबले गंवाए हैं जबकि आरसीबी (सात), चेन्नई (छह) और कोलकाता (पांच) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। 12 में से पांच मुकाबले जीतकर दिल्ली सातवें स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 10 अंक हो गए हैं और नेट रन रेट -0.993 है। उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें अभी जीवित हैं। वहीं, पंजाब किंग्स 13 अंक और +0.428 नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर आरसीबी है जबकि हैदराबाद और गुजरात क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर है। पंजाब को प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 6.5 ओवरों में 78 रन जुटाए। प्रभसिमरन 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि प्रियांश ने 33 गेंदों में छह छक्कों और दो चौकों के साथ 56 रन की पारी खेली। इस टीम ने 97 के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे, जिसके बाद कूपर कोनोली ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 गेंदों में 83 रन की साझेदारी की। कूपर 27 गेंदों में 38 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान श्रेयस 36 गेंदों में तीन छक्कों और पांच चौकों के साथ 59 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि शेडगे ने आठ गेंदों में 21 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से मिचेल स्टार्क और माधव तिवारी ने दो-दो विकेट निकाले। मुकेश कुमार को एक विकेट हाथ लगा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 33 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए थे। यहां से ट्रिस्टन स्टब्स ने कप्तान अक्षर पटेल के साथ चौथे विकेट के लिए 23 गेंदों में 41 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। ट्रिस्टन स्टब्स 17 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अक्षर ने डेविड मिलर के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 गेंदों में 64 रन जोड़कर टीम को 138 के स्कोर तक पहुंचाया।

सिनेमा

## 28 की एक्ट्रेस ने बैंकॉक में बनाया आशियाना, बनी 3 घरों की मालकिन! पति की खातिर छोड़ा मुंबई



टीवी एक्ट्रेस अविका गौर ने मुंबई छोड़ दिया है. वो पति के साथ बैंकॉक शिफ्ट हो गई हैं. एक्ट्रेस इंडस्ट्री में काम करना जारी रखेंगी. अविका ने पति के करियर की खातिर बैंकॉक मूव किया है. एक्ट्रेस का यहां पर एक आलीशान घर भी है. इसकी जानकारी एक इंटरव्यू में अविका ने दी. फिल्म विंडो संग बातचीत में अविका ने बताया कि बैंकॉक में शिफ्ट होने का असर उनके करियर पर नहीं पड़ेगा. वो पहले की तरह काम करती रहेंगी. अविका बोलीं- हां, मैं बैंकॉक शिफ्ट हो गई हूं, लेकिन काम करने तो मुंबई या हैदराबाद ही आना पड़ेगा. मैं यहां पर आती रहूंगी. मैं खतरों के खिलाड़ी के लिए केपटाउन भी जाऊंगी. वहां पर मजे करूंगी. ''ट्रैवलिंग बचपन से मेरी जिंदगी का हिस्सा है. बहुत ट्रैवल हो रहा है. जैसे मुंबई और हैदराबाद में मेरा घर है. अब बैंकॉक में भी है.'' बैंकॉक शिफ्ट होने के बाद वो अविका लिमिटिड प्रोजेक्ट्स करेंगी? इस पर एक्ट्रेस बोलीं- काम को लेकर मैं पहले से सलेक्टिव रही हूं. मैं लिमिटेड प्रोजेक्ट्स ही चुनती हूं.

## Highlights

1. BMC announces 10% water cut in Mumbai from May 15
2. 3 buses, several 2-wheelers gutted in fire at bus parking yard in MP
3. Babil Khan to make Malayalam debut with Gandhi Bazar Sunday Market
4. NCW flags toxic workplace, zero POSH compliance at TCS Nashik in conversion case
5. Fight breaks out between examiner & candidate inside exam hall in Kerala

# Sensex, Nifty open in the red again as worries over US-Iran war fallout continue



**NEW DELHI, (Agency).** Indian markets opened sharply lower on Tuesday as rising crude oil prices and uncertainty around the ongoing United States-Iran war rattled investor sentiment, while concerns over inflation and foreign fund outflows added to the pressure.

The BSE Sensex opened at 75,573.63, down 441.65 points or 0.58%, tracking weak global cues and persistent worries over the economic impact of elevated oil prices.

The selloff follows a sharp decline in the previous session, when the Nifty 50 and Sensex fell 1.5% and 1.7%, respectively. The rupee also hit a record closing low of 95.31 against the US dollar on Monday.

Ten of the 16 major sectors logged losses. The broader small-caps and mid-caps dropped 0.5% and 0.3%, respectively.

Other Asian markets fell 0.5%, as oil prices rose to about $105 a barrel following U.S. President Donald Trump's comment that the ceasefire with Iran was "on life support" after dismissing Tehran's response to a U.S. peace proposal as "stupid". [MKTS/GLOB]

Higher crude prices are detrimental for the world's third-largest oil importer, as they exacerbate inflationary pressures and weigh on growth and corporate earnings.

Investors also awaited India's April retail inflation data, due later in the day, which could offer clues on how the Iran war has affected price pressures in the economy.

# Rupee weakens to record low of 95.17 against dollar on crude surge; Modi calls for fuel saving

**NEW DELHI, (Agency).** The Indian rupee weakened sharply to Rs 95.17 against the US dollar on Monday, slipping to its weakest level of 2026 as soaring crude oil prices, escalating tensions in West Asia and heavy selling across domestic equities rattled investor sentiment.



The currency slide comes just a day after Prime Minister Narendra Modi publicly urged citizens to reduce petrol and diesel consumption, avoid non-essential foreign travel and postpone discretionary gold purchases for a year, warning that rising global commodity prices could put fresh pressure on India's foreign exchange reserves.

Addressing a public meeting in Hyderabad on Sunday, Modi said India must prepare for global economic uncertainty by making "nationally responsible" lifestyle choices, including greater use of public transport, electric vehicles and domestic tourism.

The rupee's sharp fall on Monday reflects exactly the pressures the government flagged. Here are three key reasons behind the currency weakness:

### ● Oil prices surge, dollar strengthens

Brent crude, the global oil benchmark, jumped 4.17% to $105.5 per barrel in futures trade after renewed tensions in the Middle East raised concerns over supply disruptions. For India, which imports nearly 85% of its crude oil requirement, higher oil prices immediately translate into a bigger import bill and stronger demand for dollars, both of which weigh on the rupee.

जमीन पर कब्जा करने पहुंचे

# हिस्ट्रीशीटर ने चौकीदार के सिर पर तानी बंदूक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ग्रामीण क्षेत्र में जमीन कब्जाने का मामला सामने आया है। देपालपुर क्षेत्र के पास ग्राम धन्नड़ में हिस्ट्रीशीटर बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम पर जमीन की चौकीदारी कर रहे युवक को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के तीन दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।**



पीड़ित युवराज डाबी निवासी ग्राम मोथला ने बताया कि वह पिछले चार-पांच महीनों से ग्राम धन्नड़ स्थित एक जमीन की चौकीदारी कर रहा है। उसके अनुसार इंदौर का बदमाश विष्णु दुबे उर्फ बमबम लगातार उसे जमीन छोड़ने के लिए धमका रहा था। युवराज के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे आरोपी अपने चार-पांच साथियों के साथ लाल रंग की कार में मौके पर पहुंचा। वहां गाली-गलौज करने के बाद उसने बंदूक निकालकर उसके सीने पर तान दी और धमकाते हुए कहा कि "आज तो तुझे मार ही देता हूं।" आरोपी ने यह भी कहा कि यह जमीन वे हथिया लेंगे और बीच में आने पर जान से मार देंगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने खुद को हत्या के मामले में आरोपी बताते हुए कहा कि "मुझ पर 302 लग चुकी है, पुलिस और जेल से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।" युवराज का कहना है कि आरोपी ने दोबारा जमीन पर दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि जितेंद्र सेन उर्फ पटेल ने जमीन कब्जाने के लिए विष्णु बमबम को सुपारी दी है। युवराज के अनुसार संबंधित जमीन पर गौरव माहेश्वरी का कब्जा है। आरोप है कि बदमाशों ने मौके पर लगी फेंसिंग उखाड़ दी और चौकीदार के कमरे में तोड़फोड़ भी की। देपालपुर थाना प्रभारी रणजीत सिंह बघेल का कहना है कि युवक को धमकाने की शिकायत मिली है, लेकिन घटना थाना क्षेत्र की नहीं बताई जा रही है। इसके बावजूद वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दे दी गई है। वहीं एएसपी ग्रामीण रुपेश द्विवेदी ने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी। यदि बंदूक दिखाकर धमकाने की बात सही पाई जाती है तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित की शिकायत पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# दुल्हन के होंठ सूजे दूल्हा वेंटिलेटर पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाजार में बिक रही मिलावटी हल्दी शादियों की खुशियों में जहर घोल रही है। इंदौर के सरकारी अस्पताल एमवाई में हाल ही में ऐसे मामले सामने आए, जहां हल्दी की रस्म के दौरान दूल्हा-दुल्हन गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। एक मरीज को वेंटिलेटर पर रखना पड़ा, जबकि अन्य को आईसीयू में भर्ती करना पड़ा।**



खरगोन जिले के कसरावद की रहने वाली राखी (21) की शादी की खुशियां उस वक्त चिंता में बदल गईं, जब हल्दी लगाने के कुछ देर बाद उनके शरीर पर लाल चकत्ते उभर आए। चेहरे और होंठों पर सूजन आ गई। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। परिजन ने बताया कि उन्होंने हल्दी रस्म के लिए बाजार से सस्ती और खुली हल्दी खरीदी थी। दूधिया निवासी 35 वर्षीय गोलू को भी हल्दी की रस्म के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उन्हें गंभीर एलर्जी रिएक्शन हुआ, जिससे फेफड़ों पर दबाव बढ़ गया और जान पर बन आई। पिछले एक हफ्ते में एमवाय में हल्दी एलर्जी के 4 से 5 मामले आए हैं। इनमें एक मरीज को वेंटिलेटर पर रखना पड़ा था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक